आज

वाराणसी, ७ जनवरी , २०२१

अन्तरराष्ट्रीय शिक्षण, अनुसंधानके लिए एसएमएस ने बढ़ाये कदम

एस.एम.एस. एवं अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय, इंडोनेशिया के मध्य संयुक्त अन्तरराष्ट्रीय शिक्षण एवं अनुसंधानके लिए एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये। इस एम.ओ.यू. पर एस.एम.एस. वाराणसीके निदेशक प्रोफेसर पी.एन.झा, डीन (आर.एण्ड डी.) प्रोफेसर राज कुमार सिंह, अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय, इंडोनेशिया के प्रोफेसर चुडरिया सहाबुद्दीन एवं निदेशक प्रोफेसर मुथमाईना ने संयुक्त रूपसे हस्ताक्षर किया। यह एम.ओ.यू. दोनों ही शिक्षण संस्थानोंके मध्य शिक्षण, संयुकत अनुसंधान एवं विकास, संयुक्त अधिवेशन, संगोष्ठी एवं कार्यशाला, शिक्षक-छात्र आदान प्रदान, जननीति निर्माण, धारणीय विकास एवं सामुदायिक सेवाके विकासमें सहयोग प्रदान कर भारत एवं इंडोनेशिया के मध्य शैक्षणिक संबंधों के विकासमें एक रचनात्मक योगदान प्रदान करेगा।

दैनिक जागरण
inext
Varanasi, 7 January 2021

शैक्षणिक विकास को लेकर हुआ करार

एसएमएस एवं अल असरिया मंडार विवि के मध्य हुआ एमओयू

VARANASI (6 Jan): एसएमएस एवं अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय के मध्य संयुक्त अंतराष्ट्रीय शिक्षण एवं अनुसंधान हेतु एमओयू हुआ है. एमओयू पर एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा, डीन प्रो. राज कुमार सिंह, अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय के प्रो. चुडरिया सहाबुद्दीन एवं निदेशक प्रो. मुथमाईना ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया. यह एमओयू दोनों संस्थानों के मध्य शिक्षण, संयुक्त अनुसंधान एवं विकास, संयुक्त अधिवेशन, संगोष्ठी, शिक्षक-उद्यमिता विकास, प्रबंधन, शिक्षक-छात्र आदान प्रदान, जननीति निर्माण एवं सामुदायिक सेवा के विकास में सहयोग प्रदान कर भारत एवं इंडोनेशिया के मध्य शैक्षणिक संबंधों के विकास में योगदान प्रदान करेगा.

हिन्दुस्तान
गुरुवार, 07 जनवरी 2021, वाराणसी,

एसएमएस व अल असरिया मंडार विवि में एमओयू

वाराणसी। एसएमएस (वाराणसी) और अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय, इंडोनेशिया के बीच बुधवार शिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता हुआ है। एसएमएस के निदेशक प्रो.पीएन झा व डीन (आरएंडडी) प्रो.राजकुमार सिंह और अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय के प्रो.चुडरिया सहाबुद्दीन और निदेशक प्रो.मुथमाईना ने समझौते पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया। भारत और इंडोनेशिया के बीच शैक्षिक सम्बन्धों के विकास में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय सहारा
वाराणसी • बृहस्पतिवार • 7 जनवरी • 2021

एसएमएस और इंडोनेशिया की अल असरिया मंडार यूनिवर्सिटी के बीच शिक्षा व अनुसंधान के लिए करार

वाराणसी (एसएनबी)। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस) वाराणसी और अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय इंडोनेशिया के मध्य संयुक्त अंतरराष्ट्रीय शिक्षण और अनुसंधान के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। एसएमएस की ओर से निदेशक प्रो. पीएन झा, डीन (आर एण्ड डी) प्रो. राजकुमार सिंह और अल असरिया मंडार विश्वविद्यालय इंडोनेशिया प्रो. चुडरिया सहाबुद्दीन और निदेशक प्रो. मुथमाईना ने एमओयू पर संयुक्त रूप से दस्तखत किया। इस एमओयू के हस्ताक्षर होने से दोनों ही शिक्षण संस्थानों के मध्य शिक्षण, संयुक्त अनुसंधान और विकास, संयुक्त अधिवेशन, संगोष्ठी और कार्यशाला, शिक्षक विकास कार्यक्रम, उद्यमिता विकास कार्यक्रम, प्रबंधन विकास कार्यक्रम, शिक्षक-छात्र आदान प्रदान, जननीति निर्माण, धारणीय विकास और सामुदायिक सेवा के विकास में सहयोग प्रदान करना होगा। इस मौके पर एसएमएस के निदेशक प्रो. पीएन झा ने कहा कि दोनों शिक्षण संस्थानों के बीच में करार पर दस्तखत हो ने से भारत और इंण्डोनेशिया के मध्य शैक्षणिक संबंधों के विकास में एक रचनात्मक योगदान प्रदान करेगा।